*Std. VI

HINDI LANGUAGE

(L. लिंग एवं वचन)*

*लिंग*

Q. 1. *लिंग की परिभाषा दे

-जिस शब्द से किसी स्त्री या पुरुष जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं। जैसे - दादा - दादी, घोड़ा - घोड़ी ।

Q. 2. *लिंग के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।*

- लिंग के दो भेद होते हैं -

1. स्त्रीलिंग

2. पुल्लिंग

1. *स्त्रीलिंग* - जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं। जैसे - रानी, बालिका।

2. *पुल्लिंग* - जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध हो, उसे पुल्लिंग कहते हैं। जैसे - राजा, बालक।

Q. 3. *इन शब्दों के लिंग बदलें:-*

कवि----कवयित्री

लुहार - - - लुहारिन

युवक - - - - युवती

सिह-------सिंहनी

सम्राट - - - - सम्राज्ञी

विद्वान - - - विदुषी

नायक - - - - नायिका

अध्यापिका---अध्यापक

कोयल-----नर कोयल

धोबिन-----धोबी

शिष्या - - - - शिष्य

तपस्विनी - - - तपस्वी

श्रीमती - - - - श्रीमान

नेता - - - - - नेत्री

स्वामी - - - - स्वामिनी

प्रिय - - - प्रिया

गुणवान - - - गुणवती

आचार्य - - - आचार्या

महाशया-----महाशय

वृद्ध - - - वृद्धा

Q. 4. *लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखें:-*

1. *गायक सुरीली आवाज़ में गा रहा है।*

------गायिका सुरीली आवाज़ में गा रही है।

2. *छात्र पढ़ रहे हैं।*

-----छात्रा पढ़ रहीं हैं।

3. *अध्यापक बालक को पढ़ाता है।*

-----अध्यापिका बालिका को पढ़ाती हैं।

4. *धोबी कपड़े धोता है।*

--------धोबिन कपड़े धोती है।

5. *भेड़िया लड़के के पीछे भागता है।*

-----मादा भेड़िया लड़की के पीछे भागती है।

6. *युवक खरगोश के पीछे दौड़ा।*

-------युवती मादा खरगोश के पीछे दौड़ी।

7. *सेठ नौकर को धमाकाता है।*

------सेठानी नौकरानी को धमकाती है।

8. *मेरी बहन रोज़ स्कूल जाती है।*

------मेरा भाई रोज़ स्कूल जाता है।

*वचन*

Q. 1. *वचन की परिभाषा दें।*

-----जिस शब्द से एक या अनेक व्यक्ति या वस्तु का बोध हो, उसे वचन कहते हैं। जैसे - चिड़िया - चिड़ियाँ, वस्तु - वस्तुएँ।

Q. 2. *वचन के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।*

-----वचन के दो भेद होते हैं - 1.- एकवचन

2. बहुवचन

1. *एकवचन*---जिस शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु के एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे - रीति, माला।

2. *बहुवचन*--जिस शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु के एक से अधिक होने का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - रीतियाँ, मालाएँ।

Q. 3 *इनके वचन बदलें:-*

तिथी---तिथियाँ

वस्तु - - - - वस्तुएँ

अध्यापक - - - अध्यापक वृंद

रात - - - - रातें

बहुएँ---बहू

बातें----बात

चुहियाँ---चुहिया

कन्या - - - कन्याएँ

आँखें - -  आँख

स्त्रियाँ - - - स्त्री

नदी - - - नादियाँ

कहानी - - - कहानियाँ

सभाएँ----सभा

पाठशालाएँ----पाठशाला

पहिया - - पहिये

घोड़ा - --घोड़े

सड़कें - - सड़क

पुस्तक - - - - - पुस्तकें

कपड़ा - - - कपड़े

गुरु - - - गुरुजन

Q. 4. *इन वाक्यों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखें:-*

1. *अध्यापक छात्र को पढ़ा रहा है।*

अध्यापकवृंद छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

2. *यह वस्तु बहुत अच्छी है।*

-ये वस्तुएँ बहुत अच्छी हैं।

3. *लड़का पुस्तक पढ़ रहा था।*लड़के पुस्तकें पढ़ रहे थे।

4. *वह आज नहीं आया।*

वे आज नहीं आए।

5. *भारत में घी-दूध की नदी बहती थी।*

भारत में घी-दूध की नदियाँ बहती थीं।

6. *उस पेड़ पर चिड़िया बैठी है।*

उन पेड़ों पर चिड़ियाँ बैठी हैं।

7. *वृक्ष की लता पर सुन्दर फूल खिले है।*

-वृक्षों की लताओं पर सुन्दर फूल खिले हैं।

8. *पेड़ की शाखा नहीं काटनी चाहिए।*

पेड़ों की शाखाएँ नहीं काटनी चाहिएँ।

9. *मेज़ पर बिखरी पुस्तक संभालकर रखो।*

-मेज़ों पर बिखरी पुस्तकें संभालकर रखो।

10. *दादा - दादी की कहानी बहुत रोचक होती है।*

-दादा - दादी की कहानियाँ बहुत रोचक होती हैं।